आकाशवाणी केन्द्र शिमला
21.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कसौली में टेटनस और व्यस्क डिपथीरिया वैक्सीन का किया शुभारंभ।
- राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत केंद्र को भेजा एक हज़ार 2 सौ किलोमीटर नई सड़कों का प्रस्ताव।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए राज्य में किया जा रहा स्कूलों का युक्तिकरण।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कल सुबह 11 बजे साझा करेंगे विचार।

जेपी नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज सोलन जिले के कसौली स्थित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान में टेटनस और डिप्थीरिया टीके का शुभारंभ किया। यह टीका टेटनस और डिप्थीरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव करने में मददगार साबित होगा। इस अवसर पर नड्डा ने कहा कि इस स्वदेशी वैक्सीन का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा की रक्षा और भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने देश में चल रहे सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम को विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम करार दिया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गर्भावस्था पंजीकरण के समय से ही लाभार्थियों की निगरानी यू–विन जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाती है। आयुष्मान भारत योजना की चर्चा करते हुए नड्डा ने कहा कि ये विश्व का सबसे बड़ा सार्वजनिक वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम है। इससे देशभर में 62 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ मिल रहा है।

स्वीकृति

राज्य सरकार ने रोड़ ड्रेनेज पॉलिसी को स्वीकृति दी है। इस नीति का उद्देश्य सशक्त सड़क बुनियादी अधोसंरचना के एक नए युग की शुरूआत करना है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार ये नीति मॉनसून में भारी वर्षा के कारण सड़कों के होने वाले नुकसान को कम करने में प्रभावी साबित होगी। नीति में पहाड़ी ढलानों की मज़बूती पर भी विशेष बल दिया गया है और भूस्खलन संभावित व रिसाव क्षेत्रों में निवारण उपाय अनिवार्य किए गए हैं।

भेंट

राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–4 के अगले चरण में करीब एक हज़ार 2 सौ किलोमीटर नई सड़कों का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है। इन सड़क परियोजनाओं के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा डीपीआर तैयार की जा रही है। ये जानकारी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट के दौरान दी। इस दौरान विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय मंत्री से विशेष रूप से शिमला ज़िले के दुर्गम क्षेत्र डोडरा–क्वार की सड़क परियोजनाओं का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया। उन्होंने क्षेत्र में सड़क परियोजना कार्यों के लिए विशेष छूट देने का आग्रह किया।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य में शिक्षा गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के लिए स्कूलों का युक्तिकरण किया जा रहा है। चंबा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में देश में करीब 90 हज़ार विद्यालयों का युक्तिकरण किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य संसाधनों का पूर्ण व प्रभावी सदुपयोग सुनिश्चित करना है। शिक्षा मंत्री ने उम्मीद जताई कि संसाधनों का समुचित उपयोग करने से प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित होगी।

मंडी शिवरात्रि

मंडी में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव का कल अंतिम दिन है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। मंडी पहुंचने पर राज्यपाल का आज गरिमापूर्ण स्वागत किया गया। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोग इस दौरान मौजूद रहे।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सरकार की नीतियों को जनविरोधी करार दिया है। हमीरपुर में भाजपा प्रदेश शहरी प्रकोष्ठ की बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर राज्य सरकार की कथित विफलताओं को उजागर करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ए.आई. और नई तकनीकों का विरोध कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि कांग्रेस तकनीकी प्रगति में बाधा डालने का कार्य कर रही है।

सांसद

दूसरी ओर सांसद राजीव भारद्वाज ने ए.आई. समिट में युवा कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन को शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण आयोजनों से देश की प्रतिष्ठा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जुड़ी होती है और सभी दलों को इस दिशा में एकजुट होकर सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण ए.आई.आर. न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

हर्ष महाजन

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा है कि केंद्र सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास व प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने प्रदेश के लिए करीब 2 सौ 86 करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता जारी की है। इसमें से करीब 27 करोड़ रूपये कैपिटल इन्वेस्टमेंट की दूसरी किश्त जबकि 2 सौ 59 करोड़ रूपये आपदा पुनर्निमाण और अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के लिए स्वीकृत किए गए हैं। हर्ष महाजन ने कहा कि केंद्र की ये सहायता प्रदेश के लिए बड़ी राहत है और इससे राज्य में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि ये सहयोग इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार प्रदेश के विकास के प्रति संवेदनशील और समर्पित है।

आईटीबीपी

भारत–तिब्बत सीमा पुलिस ने आज स्पिति के काज़ा में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत स्थानीय लोगों को सोलर पैनल वितरित किए। ये पहल केंद्र सरकार के वाईब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य सीमांत गांवों का समग्र विकास और स्थानीय लोगों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ना है।

---------------------------------------------------------------------------------------------